## संपादकीय

# बड़ी घोषणाओं की समय सीमा समाप्त!

साल 2022 समाप्त हो गया और इसके साथ ही केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से घोषित तमाम बड़ी योजनाओं और तमाम बड़े वादों की समय सीमा भी पूरी हो गई। लेकिन कोई भी घोषणा या कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। आमतौर पर राजनीतिक दलों और सरकारों की घोषणाएं पूरी नहीं होती हैं लेकिन पहले की सरकारों और मौजूदा सरकार में फर्क यह है कि पहले पार्टियां और सरकारें अमूर्त रूप से घोषणाएं करती थीं। जैसे गरीबी हटाओ! यह नहीं कहा गया था कि गरीबी कब तक हटेगी। लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार ने हर वादा पूरा करने के लिए एक समय सीमा दी थी। एक निश्चित तारीख बताई थी और वह तारीख गुजर गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने सितंबर 2018 में कहा था कि अगले चार साल में यानी 2022 तक भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। हालांकि कोरोना महामारी के बाद से उन्होंने इस बारे में कुछ भी कहना बंद कर दिया और उनकी पार्टी के नेताओं ने समय सीमा आगे बढ़ानी शुरू कर दी है। लेकिन 2022 खत्म हुआ तो यह ध्यान आया कि इसी साल भारत की अर्थव्यवस्था पांच खरब डॉलर की होने वाली थी, लेकिन अभी तक देश की अर्थव्यवस्था तीन खरब डॉलर के थोड़ा ऊपर जाकर अटकी हुई है। प्रधानमंत्री ने जून 2018 में कहा था कि 2022 तक देश के किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी। यह बात उन्होंने पहले भी कही थी और उसके बाद भी वे और उनकी पार्टी इसे दोहराते रहे थे। हालांकि पिछले एक-दो साल से इसका भी जिक्र बंद है। अब साल खत्म हो गया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई उलटे कृषि लागत दोगुनी या उससे ज्यादा हो गई। प्रधानमंत्री ने कोई चार साल पहले कहा था कि भारत में 2022 तक बुलेट ट्रेन चलने लगेगी। खाड़ी के देश ओमान में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह समय सीमा घोषित की थी। हकीकत यह है कि अभी महाराष्ट्र में शिव सेना के शिंदे गुट की भाजपा समर्थित सरकार जमीन अधिग्रहण का काम कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार में आने के थोड़े दिन बाद ही महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया था। उन्होंने कहा था कि 2022 में जब देश आजादी की 75वीं सालगिरह मना रहा होगा तब देश के हर आदमी के सिर पर अपनी पक्की छत होगी यानी हर परिवार को पक्का मकान आवंटित हो जाएगा। वह समय सीमा भी समाप्त हो गई और करोड़ों परिवार अब भी बिना आवास के हैं। उन्होंने सितंबर 2015 में कहा था कि 2022 तक देश के हर घर को 24 घंटे बिजली मिलने लगेगी। उसकी मियाद भी पूरी हो गई और भारत अभी हर घर को 24 घंटे बिजली देने के लक्ष्य से बहुत दूर है। प्रधानमंत्री मोदी ने वादा किया था कि आजादी के अमृत वर्ष यानी 2022 में भारत माता की कोई संतान अपने यान से अंतरिक्ष में जाएगी। अगर यह लक्ष्य पूरा होता तो ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बन जाता। लेकिन 2022 का साल खत्म हो गया और अंतरिक्ष में किसी भारतीय को भेजने की योजना पूरी नहीं हुई।

# रिलायंस केपिटल को लेकर बढ़ी कानूनी लड़ाई, टोरेंट ने आरबीआई से की ये मांग




**नई दिल्ली।** टोरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने रिलायंस कैपिटल की बोली को लेकर कानूनी लड़ाई तेज कर दी है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से प्रबंधक को निर्देश जारी करने की मांग की है। मामले पर विचार करने के लिए कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) 3 जनवरी को बैठक करेगी। 28 दिसंबर को आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव को लिखे एक नए पत्र में, टोरेंट इन्वेस्टमेंट्स ने रिलायंस कैपिटल के प्रबंधक नागेश्वर राव वाई को निर्देश देने की मांग की।

पत्र में कहा गया है कि प्रक्रिया 21 दिसंबर को टोरेंट इन्वेस्टमेंट्स को प्रशासक के ईमेल के साथ समाप्त हो गई थी, जिसमें उच्चतम बोली राशि के रूप में 8640 करोड़ रुपये की एनपीवी बोली राशि की पुष्टि की गई थी। हालांकि टोरेंट इन्वेस्टमेंट्स को अवगत कराया गया कि हिंदुजा ग्रुप ने 21 दिसंबर को चैलेंज प्रोसेस पूरे होने के बाद 22 दिसंबर को एक संशोधित वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, यह जानने के बाद कि टोरेंट इन्वेस्टमेंट उच्चतम बोलीदाता के रूप में उभरा था।

पहले की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हिंदुजा की 9,000 करोड़ रुपये की अग्रिम नकद राशि की टोरेंट बोली केवल 4,000 करोड़ रुपये नकद और शेष राशि शून्य ब्याज के साथ वर्ष 3/4/5 में तीन समान किस्तों में चुकाई जाएगी।

आईबीसी कोड का उद्देश्य लेनदारों के लिए मूल्य को अधिकतम करना है। इस तरह, हिंदुजा की बोली टोरेंट की तुलना में निष्पादन के लिए सबसे अच्छी है, क्योंकि इसमें सुरक्षा साझा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार के फैसलों में, यह माना गया है कि सीओसी द्वारा किसी भी योजना के मंजूरी में मूल्य का अधिकतमकरण एक महत्वपूर्ण कारक है।

आरबीआई की धारा 227 की विशेष शक्तियों के तहत एक वित्तीय सेवा कंपनी के लिए किया गया एकमात्र संकल्प डीएचएफएल था, जिसे पीरामल समूह ने जीता था। उस मामले में अडानी समूह को सीओसी द्वारा स्वीकार किया गया, क्योंकि उन्होंने पिरामल बोली के लिए उच्चतम मूल्य की पेशकश की थी।

# गूगल की ऐप अब खतरनाक सड़कों की देगा जानकारी, जोड़ा गया नया फीचर



**सैन फ्रांसिस्को।** गूगल अपने वेज एप (डब्ल्यूएजेडई एपीपी) के लिए एक नया फीचर लेकर आया है। जिससे यूजर्स को ट्रैफिक डेटा के आधार पर आसपास की खतरनाक सडक़ों के बारे में सूचना मिल जाएगी। इस फीचर से यूजर्स को वाहन चलाते समय बड़ी परेशानी निजात मिलेगी। नया फीचर यूजर्स को आसपास की उन खतरनाक सडक़ों को मैप पर लाल रंग से दिखाएगा। हालांकि, यह उन सडक़ों के बारे में नहीं हो सकता है जिन पर यूजर्स अक्सर यात्रा करते हैं। ड्राइवर को एप में आसपास की खतरनाक सडक़ों के बारे में केवल एक पॉप-अप मिलेगा, जो सावधानी बरतने के लिए अलर्ट करेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एप के बीटा रिलीज तक पहुंच रखने वाले देशों को एक पॉप-अप मिलेगा, जो उन्हें बताएगा कि ड्राइवर और उनके रोड की रिपोर्ट के जरिये यूजर्स दुर्घटनाओं के इतिहास के लिए अलर्ट देख सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि यह सुविधा अभी भी बीटा में है, इसे जल्द ही आम जनता के लिए उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

जून में टेक दिग्गज ने गूगल मैप्स के लिए एक नई सुविधा शुरू की जो अब यूएस में एंड्रॉइड और आईओएस दोनों उपयोगकर्ताओं पर वायु गुणवत्ता परत दिखाएगी। 9टू5गूगल के अनुसार, यह यूजर्स को हवा की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलेगी।

# ऋषभ पंत हेल्थ अपडेट : आईसीयू से किया गया प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट



**देहरादून ।** राजधानी देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। ऋषभ पंत को अब आईसीयू से निकाल कर प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम चौबीसों घंटे उनकी सेहत पर नजर रखे हुए है। मैक्स अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि ऋषभ पंत काफी तेजी से रिकवर कर रहे हैं। साथ ही ऋषभ पंत के पैर के लिगामेंट का इलाज कहां होगा, इसका निर्णय बीसीसीआई को लेना है। भारतीय क्रिकेट टीम के धुंआधार बल्लेबाज ऋषभ पंत का दो दिन पहले दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार का एक्सीडेंट हो गया था। उनकी कार सडक़ के डिवाइडर से टकरा गई और उसके पलटने के बाद कार में आग लग गई जिसमें पंत बाल-बाल बच गए।

# टेस्ला के कर्मचारियों को सख्त निर्देश, न करें कंपनी से जुड़ी कोई चर्चा




**सैन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क की टेस्ला में कर्मचारियों को वेतन और काम करने की स्थिति के बारे में बात नहीं करने का निर्देश दिए जाने के बाद कंपनी पर अमेरिका में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। एक शिकायत में, राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड (एनएलआरबी) ने दावा किया कि इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने कर्मचारियों से कहा कि वे अपने वेतन या रोजगार की अन्य शर्तों के बारे में उच्च स्तर के प्रबंधकों से शिकायत न करें और कहा कि अन्य व्यक्तियों के साथ अपने वेतन पर चर्चा न करें।

कंपनी ने स्टाफ को दूसरों के साथ कर्मचारियों की हायरिंग, सस्पेंड या टर्मिनेट पर चर्चा नहीं करने के लिए भी कहा। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ये घटनाएं दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच हुईं। कोर्ट फरवरी में इस मामले की सुनवाई करेगा और शिकायत द्वारा रखी गई दलीलों को सुनेगा। 2021 में एनएलआरबी ने मस्क को एक ट्वीट को हटाने के लिए मजबूर किया था, और फैसला सुनाया कि यूनियन के एक कार्यकर्ता रिचर्ड ऑर्टिज को हटाना अवैध था।

यूएस-आधारित टेस्ला के दो कर्मचारियों ने एनएलआरबी के साथ इस महीने की शुरूआत में दावा किया था कि कंपनी ने मस्क की आलोचना करने के लिए उन्हें अवैध रूप से निकाल दिया था। इस बीच, दो महिला ट्विटर कर्मचारियों ने कंपनी के खिलाफ एक क्लास-एक्शन का मुकदमा दायर किया। ये मुकदमा कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव को लेकर था।

सैन फ्रांसिस्को फेडरल कोर्ट में दायर क्लास-एक्शन मुकदमे में कहा गया है कि मस्क ने 47 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 57 प्रतिशत महिला कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। रिपोर्टें के अनुसार, कम से कम तीन ट्विटर कर्मचारियों ने अमेरिका में राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड (एनएलआरबी) के साथ ट्विटर के खिलाफ अन्य शिकायतें दर्ज की हैं।

# बाबर, स्टोक्स, रजा और साउदी आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामांकित



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जिम्बाब्वे के आफ स्पिन आलराउंडर सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी को आईसीसी क्रिकेटर आफ द ईयर 2022 पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। स्टोक्स ने 2019 में सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी जीती, और अब उन्हें दूसरी बार सम्मान के लिए नामांकित किया गया है। उन्हें टेस्ट प्लेयर आफ द ईयर अवार्ड के लिए भी नामांकित किया गया है।

इससे पहले, रजा ने 2022 के लिए आईसीसी टी20 और वनडे प्लेयर आफ द ईयर के लिए नामांकन अर्जित किया था, जबकि बाबर ने 2022 के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ 50 ओवरों के खिलाड़ी के लिए नामांकन हासिल किया था।

एशेज और वेस्ट इंडीज के खिलाफ श्रृंखला में अपमानजनक हार के बाद इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट में पतन की ओर था। जो रूट ने टेस्ट कप्तान के रूप में इस्तीफा दे दिया और बागडोर स्टोक्स और रेड-बॉल कोच ब्रेंडन मैकुलम को सौंप दी गई।

तब से, स्टोक्स ने कप्तान के रूप में 10 में से नौ टेस्ट जीतकर इंग्लैंड को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। साथ ही, उन्होंने 870 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं और 26 विकेट लिए हैं।

वास्तव में, उन्होंने अन्य प्रारूपों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। टी20 में, नौ मैचों में 143 रन बनाए और सात विकेट लिए। संख्या महत्वपूर्ण नहीं लग सकती है, लेकिन उनमें से 52 रन तब आए, जब पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में पीछा करने के दौरान इंग्लैंड को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

2022 बाबर के रिकॉर्ड बनाने और तोडऩे का एक और साल था। वह सभी प्रारूपों में कैलेंडर वर्ष में 2000 रन के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे, उनके 2598 रन 54.12 के औसत से आए, जिसमें आठ शतक और 17 अर्धशतक शामिल थे।

# बीसीसीआई ने तीनों फॉर्मेट में 2022 के सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों के जारी किए नाम



**नई दिल्ली।** साल 2022 के आखिरी दिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाडिय़ों के नाम जारी किए, जो इस साल खेल के तीनों प्रारूपों में टीम इंडिया का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। बीसीसीआई के अनुसार, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, वर्ष 2022 के लिए टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के लिएटॉप परफॉर्मर्स पर एक नजर- ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह 93।

पंत ने सात मैचों में 61.81 की औसत से 680 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन रहा जबकि बुमराह ने पांच मैचों में 22 विकेट लिए।

वनडे प्रारूप में श्रेयस अय्यर को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जबकि मोहम्मद सिराज को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया। अय्यर ने 17 मैचों में नाबाद 113 के उच्चतम स्कोर के साथ 724 रन बनाए, जबकि सिराज ने 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैचों में 24 विकेट लिए।

इस बीच, सूर्यकुमार यादव को टी-20 विश्व कप के साथ-साथ विभिन्न द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में शानदार प्रदर्शन के साथ टी-20 प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया और भुवनेश्वर कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया गया। सूर्यकुमार ने 31 मैचों में 117 के उच्चतम स्कोर के साथ 1164 रन बनाए जबकि भुवनेश्वर ने 32 मैचों में 37 विकेट लिए।

भारतीय क्रिकेट टीम 2023 की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के साथ करेगी, जिसमें 3 जनवरी से तीन टी20 और इतने ही वनडे मैच होंगे।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज इच्छित कार्य पूर्ण होंगे। आप व्यस्त रहने से थकान महसूस करेंगे। अपनी दिनचर्या को संतुलित तथा व्यवस्थित बनाकर रखें, जिससे अधिकतर घरेलू काम समय पर पूरे होते जाएंगे।

***वृष :*** आज मनोवांछित फल प्राप्त होगा।समय की कोई कमी नहीं रहेगी।व्यवसायिक तौर पर ग्रह स्थितियां आपके पक्ष में हैं। कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव संबंधी योजनाएं बन सकती है।

***मिथुन :*** आज भाग्य आपके मनोनुकूल रहेगा। समय पर कार्य सम्पन्न होंगे। कुछ समय खुद के लिए भी बीताएं। इससे आपको शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ ऊर्जा भी मिलेगी।

***कर्क :*** आज आपका सामाजिक दायरा और पारिवारिक सम्बंध यश को बढाएंगे।कार्यक्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियो के सामने आपकी ही यशोगाथा रहेगी। आपका कोई कर्मचारी साथी आपकी योजना को लीक कर सकता है।

***सिंह :*** आपकी ऊर्जा आज आपका भरपूर साथ देंगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का आप बखूबी निर्वाह करेंगे। आपका उदारवादी व सहायक दृष्टिकोण सामाजिक कार्यों में एक बेहतरीन मिसाल के रूप में सामने आएगा।

***कन्या :*** आज आपका मनोबल बढेगा। शत्रु पक्ष परास्त होंगे। लेकिन सावधानी फिर भी रखनी पडेगी। कोई भी व्यापारिक नया काम आज न शुरू करें तो सही है। आज स्थिति अधिक आपका साथ देगी है।

***तुला :*** आज आध्यात्मिक कार्यो में रूचि और बढेगी। आप अधिकतर समय धार्मिक तथा सामाजिक संबंधी सहयोगात्मक कार्य में व्यतीत होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति भी आपका विशेष रुझान हो रहा है।

***वृश्चिक :*** आज आपका अधिकतर समय व्यस्त रहने मे व्यतीत होगा। अपने कुछ नजदीकी और विश्वसनीय मित्रों के साथ अपने कामकाज संबंधी विचार-विमर्श अवश्य करें। आपको बेहतरीन मार्गदर्शन प्राप्त होगा तथा लाभदायक अनुबंध भी मिलने के योग हैं।

***धनु :*** आज किस्मत आपके साथ है। व्यवसायिक विकास के लिए किसी प्रभावशाली व्यक्ति का साथ तथा आपके राजनीतिक संपर्क बहुत अधिक लाभदायक साबित होने वाले हैं। सरकारी सेवारत व्यक्तियों को अपने किसी लक्ष्य को पूरा करने से प्रमोशन वगैराह भी मिल सकता है।

***मकर :*** आज मन की सुने और खुश रहें। अपने कार्यों से संबंधित नीतियों पर दोबारा विचार करके उनमें और अधिक सुधार लाने की कोशिश करें सफलता आपका इंतजार कर रही है। आपको सकारात्मक परिणाम अवश्य हासिल होंगे।

***कुंभ :*** आप आपकी सकारात्मक सोच आपको ऊँचाइयों तक ले जाएगी। अपना पूर्ण ध्यान अपने कार्यस्थल पर केंद्रित रखें तथा दूसरों की सलाह की अपेक्षा अपने विचारों को ही प्राथमिकता दें क्योंकि ऐसा करने से वहाँ भी सफल आप ही होंगे।

***मीन :*** आज आप शान्तिपूर्ण तरिके से समय बिता पाएंगे। कोई भी काम करने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। इससे परिस्थितियां पूर्णता आपके पक्ष में हो जाएगी।

# एनिमल में रणबीर कपूर का पहला 'लुक' जारी




रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की लंबे समय से चर्चा हो रही है। यह फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें भी लीक हुई थीं। इन तस्वीरों में रणबीर और अनिल कपूर क्लीन शेव लुक में नजर आ रहे थे। अब आखिरकार निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रणबीर का पहला लुक जारी कर दिया है। तस्वीर में रणबीर कुल्हाड़ी लिए सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं।

एनिमल में रणबीर कपूर और अनिल कपूर साथ नजर आएंगे। इनके अलावा फिल्म में बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म में रश्मिका की जगह पहले परिणीति चोपड़ा को साइन किया गया था। बाद में परिणीति ने इम्तियाज अली की अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में काम करने के लिए इस फिल्म को छोड़ दिया था। उन्होंने फिल्म की एक दिन की शूटिंग भी कर ली थी।

एनिमल एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। निर्माताओं का दावा है कि इसमें रणबीर ऐसे अंदाज में दिखेंगे जैसे उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। फिल्म में रणबीर एक गैंग्स्टर के किरदार में दिखेंगे। रणबीर पहली बार नकारात्मक भूमिका निभा रहे हैं। खुद एक इंटरव्यू में रणबीर ने कहा था कि वह कुछ ऐसा करने जा रहे हैं जिससे उनके प्रशंसक हैरान हो जाएंगे।

# गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली एक्ट्रेस बनीं सुष्मिता सेन



हर साल गूगल एक लिस्ट जारी करता है, जिसके जरिए ये पता चलता है कि पूरे साल किसी सितारे या बिजनेसमैन को लोगों ने सबसे ज्यादा सर्च किया है। ऐसे में साल 2022 की लिस्ट भी गूगल ने शेयर कर दी है। इस लिस्ट के मुताबिक सुष्मिता सेन का नाम सेलिब्रिटी में सबसे ऊपर है। एक्ट्रेस के नाम के आसपास कोई और दूसरा सितारा नहीं है। सुष्मिता सेन का नाम इस लिस्ट में आने के बाद हर कोई यही अंदाजा लगा रहा है कि वे अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सर्च में ऊपर आई हैं। बता दें कि इसी साल सुष्मिता ने अपने बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के साथ ब्रेकअप कर आईपीएल फाउंडर ललित मोदी के साथ रिलेशन में आई थीं। उनके इस रिलेशन ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं पूरी लिस्ट की बात करें तो सुष्मिता का नाम 5वें नंबर पर है।

# सर्दियों के सीजन में घर पर बनाएं मटर का निमोना



सर्दियों में सीजन में मटर खाने का अपना अलग ही मजा है। लेकिन अक्सर एक ही तरह की सब्जी खाकर मन ऊब जाता है। ऐसे में हम आपको बताएंगे मटर का निमोना बनाने की आसान विधि, जिसे खाकर आप अपनी उंगलियां चाटते रह जाएंगे।

**सामग्री :**

एक कप हरी मटर के दाने, एक उबला आलू, एक कप टमाटर, हरा धनिया, तीन बारीक कटी हरी मिर्च, आधा चम्मच अदरक पेस्ट, आधी छोटी चम्मच जीरा, चुटकीभर हींग, एक छोटी चम्मच धनिया पाउडर, आधी छोटी चम्मच हल्दी, आधी छोटी चम्मच लाल मिर्च, छोटी चम्मच गरम मसाला, स्वादानुसार नमक, दो बड़े चम्मच सरसों का तेल

**विधि :**

सबसे पहले मिक्सर की मदद से हरी मटर के दानों को पीस लें और इसे किसी बर्तन में निकालकर अलग रख दें।

अब उबले आलू को छोटे-छोटे पतले टुकड़ों में काट लें।

इसके बाद गैस पर कढ़ाई में तेल गर्म करें और इसमें आलू डालकर हल्के सुनहरे होने तक तलें।

अब आलू प्लेट में निकाल लें और इसी तेल में जीरा और हींग डालकर भुनें।

इसके बाद इसमें धनिया पाउडर, हल्दी, टमाटर, बारीक कटी हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट डालकर अच्छे से भुन लें।

अब इसमें पिसी हुई मटर डालकर कुछ मिनट पकाएं और फिर एक कप पानी डालें और तले हुए आलू डाल दें।

इसके बाद लाल मिर्च पाउडर, गर्म मसाला और नमक डालकर अच्छे से पकाएं।

अब हरी धनिया से इसे गार्निश कर रोटी या चावल के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 300

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 299 का हल**



## सू-दोकू- 300



**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भरा जाता है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.299 का हल**

